अमर उजाला 25-5-26

# विद्यार्थियों के लिए खुलेंगे इंटर्नशिप के नए रास्ते



इंटर्नशिप सहयोग समझौते के दौरान एसडी कॉलेज में प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि। कॉलेज

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित एसडी कॉलेज ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ उद्योग जगत का व्यावहारिक अनुभव दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कॉलेज में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान आईटी, हेल्थ, मीडिया, उद्यमिता और सामाजिक विकास से जुड़ी कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ इंटर्नशिप सहयोग समझौते किए गए। समारोह में कॉर्पोरेट जगत, एनजीओ, एलुमनाई और शिक्षाविदों की मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ बृजेश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कई संस्थाओं के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि रोजगार और नेतृत्व के लिए तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्यूरो

अर्थ प्रकाश 25-5-26

# एसडी कॉलेज ने उद्योग जगत से मिलाया हाथ
# इंटर्नशिप सहयोग के लिए हुए एमओयू

**विद्यार्थियों के करियर को नई उड़ान देगा कॉलेज का इंडस्ट्री सहयोग, स्टूडेंट्स के लिए खुलेंगे नए अवसर**



**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** उद्योग जगत और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में इंडस्ट्री पार्टनर्स, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) एवं पूर्व विद्यार्थियों (एल्युमनाई) के साथ इंटर्नशिप सहयोग हेतु एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कई गणमान्य अतिथियों, प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सफल पूर्व विद्यार्थियों, कॉलेज के फैकल्टी मेंबर्स तथा जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया, महासचिव डॉ.पीके बजाज तथा सोसायटी के सदस्य डॉ.गुरमीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर चंडीगढ़ पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बृजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीपीडीएल के हेड ह्यूमन रिसोर्सेज एवं एडमिनिस्ट्रेशन संदीप राय मौजूद थे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर करना रहा। ये एमओयू सूचना प्रौद्योगिकी, इन्क्यूबेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, मीडिया, सामाजिक विकास, इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी सर्विसेज तथा उद्यमिता जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े संगठनों के साथ किए गए।

दैनिक सवेरा 25-5-26

# एसडी कॉलेज ने उद्योग जगत से मिलाया हाथ, इंटर्नशिप सहयोग के लिए हुए एमओयू

## विद्यार्थियों के करियर को नई उड़ान देगा कॉलेज का इंडस्ट्री सहयोग

सवेरा न्यूज/ राकेश

चंडीगढ़, 24 मई: उद्योग जगत और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज 32 में इंडस्ट्री पार्टनर्स, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) एवं पूर्व विद्यार्थियों के साथ इंटर्नशिप सहयोग हेतु एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कई गणमान्य अतिथियों, प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सफल पूर्व विद्यार्थियों, कॉलेज के फैकल्टी मेंबर्स तथा जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया, महासचिव डॉ.पीके बजाज तथा सोसायटी के सदस्य डॉ.गुरमीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर चंडीगढ़ पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीपीडीएल के हेड ह्यूमन रिसोर्सेज एवं एडमिनिस्ट्रेशन संदीप राय मौजूद थे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर करना रहा। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी और दूरदर्शी संबोधन में कॉलेज की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और संस्थान की प्रगतिशील सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

सीपीडीएल के सीईओ बृजेश कुमार ने विद्यार्थियों के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत बनाने तथा व्यावहारिक शिक्षण के प्रभावी मंच तैयार करने हेतु जीजीडीएसडी कॉलेज के दूरदर्शी प्रयासों की सराहना की। वहीं, सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के सदस्यों, प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा सहयोगी संस्थाओं को संस्थान की प्रगति और विद्यार्थियों के विकास में उनके अमूल्य योगदान एवं सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

दिव्य हिमाचल 25-5-26

# एसडी कालेज और एनजीओ के बीच एमओयू साइन



चंडीगढ़। हस्ताक्षर समारोह के दौरान मौजूद एसडी कालेज के गणमान्य

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**



उद्योग जगत और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में इंडस्ट्री पार्टनर्स, गैर सरकारी संगठनों एनजीओ एवं पूर्व विद्यार्थियों एल्युमनाई के साथ इंटर्नशिप सहयोग हेतु एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कई गणमान्य अतिथियों, प्रतिष्ठित कॉरपोरेट जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सफल पूर्व विद्यार्थियों, कॉलेज के फैकल्टी मेंबर्स तथा जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया, महासचिव डा. पीके बजाज तथा सोसायटी के सदस्य डा. गुरमीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर चंडीगढ़ पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड सीपीडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ बृजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीपीडीएल के हेड ह्यूमन रिसोर्सेज एवं एडमिनिस्ट्रेशन संदीप राय मौजूद थे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर करना रहा। ये एमओयू सूचना प्रौद्योगिकी, इन्क्यूबेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, मीडिया, सामाजिक विकास, इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी सर्विसेज तथा उद्यमिता जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े संगठनों के साथ किए गए। समारोह के दौरान पूर्व विद्यार्थियों द्वारा संचालित संस्थाओं के साथ भी मौके पर एमओयू हस्ताक्षर किए गए। इनमें आनंद सभरवाल एंड एसोसिएट्सए बर्कले इंश्योरेंस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेडए बर्कले मोटर्स लिमिटेड तथा एकांत एसोसिएट्स प्रमुख रूप से शामिल रहे। कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी और दूरदर्शी संबोधन में कालेज की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और संस्थान की प्रगतिशील सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

पंजाब केसरी 25-5-26

## विद्यार्थियों के करियर को नई उड़ान देगा कॉलेज का इंडस्ट्री सहयोग, स्टूडैंट्स के लिए खुलेंगे नए अवसर

# कॉलेज ने उद्योग जगत से मिलाया हाथ, इंटर्नशिप सहयोग के लिए हुए एम.ओ.यू.

चंडीगढ़, 24 मई (आशीष): उद्योग जगत और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सैक्टर 22 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में इंडस्ट्री पार्टनर्स, गैर सरकारी संगठनों एवं पूर्व विद्यार्थियों के साथ इंटर्नशिप सहयोग हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में कई गणमान्य अतिथियों, प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सफल पूर्व विद्यार्थियों, कॉलेज के फैकल्टी मैंबर्स तथा जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज सोसायटी के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया, महासचिव डॉ.पी.के. बजाज तथा सोसायटी के सदस्य डॉ.गुरमीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।


*कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा वक्ता का स्वागत करते हुए।* (परमजीत)

समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर चंडीगढ़ पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीपीडीएल के हेड ह्यूमन रिसोर्सेज एवं एडमिनिस्ट्रेशन संदीप राय मौजूद थे। प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी और दूरदर्शी संबोधन में कॉलेज की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और संस्थान की प्रगतिशील सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज केवल शिक्षा प्रदान करने वाला संस्थान नहीं, बल्कि नवाचार, शोध, कौशल विकास और नेतृत्व निर्माण का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार आधारित पहलों, बहुविषयक शिक्षण वातावरण, उद्योग जगत के साथ निरंतर बढ़ते सहयोग तथा मजबूत इंटर्नशिप ढांचे को विशेष रूप से रेखांकित किया, जो कक्षा आधारित शिक्षा और व्यावसायिक कार्यक्षेत्र के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### अमूल्य योगदान एवं सहयोग के लिए सम्मानित किया

सी.पी.डी.एल. के सी.ई.ओ. बृजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में नवाचार, डिजिटल परिवर्तन, सतत विकास और कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को भविष्य की चुनौतियों और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज सोसायटी के सदस्यों, प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा सहयोगी संस्थाओं को संस्थान की प्रगति और विद्यार्थियों के विकास में उनके अमूल्य योगदान एवं सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।